RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्षः 1 | अंक 183 | नागौर, 04 जून, 2022 (शनिवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## जुमे की नमाज के बाद दुकानें बंद कराने पर दो समुदायों में पथराव और फायरिंग



**कानपुर.**

कानपुर के बेकनगंज इलाके में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद बवाल हो गया। भाजपा प्रवक्ता नूपुर शर्मा की पैगंबर मोहम्मद साहब पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी से लोग नाराज थे। मुस्लिम समुदाय के लोग यतीमखाना के पास बाजार बंद करा रहे थे। जब दो समुदाय के लोग आमने-सामने आ गए। जिसके बाद पथराव हुआ। बवाल नियंत्रित करने पहुंची पुलिस पर भी लोगों ने पत्थर फेंके गए। बवाल इसलिए भी हुआ क्योंकि जुमे की नमाज के दौरान ज्यादातर मस्जिदों में हुई तकरीरों में कहा गया कि वे मोहम्मद साहब पर की गई किसी भी टिप्पणी को बर्दाश्त नहीं करेंगे। वहीं, मुस्लिम संगठनों ने बाजार बंद का आह्वान भी किया। पुलिस ने किसी भी इलाके में लोगों को नमाज के बाद प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी थी। लेकिन लोग सड़कों पर निकल आए। परेड चौराहा पर करीब एक हजार लोग इकट्ठा हुए। बवाल शुरू होने के बाद स्थितियां तेजी से बेकाबू हुई। पुलिस तंग गलियों में घुसकर कार्रवाई नहीं कर पा रही थी। हालांकि करीब 4 घंटे तक चले उपद्रव के बाद स्थितियां काबू में आ गईं। पुलिस ने 22 उपद्रवियों को हिरासत में लिया है। वहीं, कानपुर उपद्रव पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उपद्रवियों पर सख्त कार्रवाई होगी। कोई बख्शा नहीं जाएगा।

### पुलिस ने लाठीचार्ज किया, फिर भी पथराव जारी

पुलिस ने लोगों को नियंत्रित करने के लिए कई राउंड फायर किया। लाठीचार्ज किया गया। लोगों को गलियों में खदेड़ दिया गया है। फिर भी लोग रुक-रुककर पथराव कर रहे हैं। पुलिस ने पूरे एरिया की घेराबंदी कर दी है। संदेह के आधार पर कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया गया है। फिलहाल कानपुर में तनाव का माहौल बना हुआ है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए करीब 12 थानों का फोर्स मौके पर पहुंच गया।

बजरंग दल के नेता प्रकाश शर्मा और विहिप नेता मौके भी पहुंचे है। हालांकि, उन्हें पुलिस ने तनाव वाले एरिया से पहले ही रोका है। डीएम नेहा शर्मा भी मौके पर पहुंची हैं।

## घाटी में मारे गए मैनेजर का राजस्थान में अंतिम संस्कार

### जवान बेटे की लाश देख चीख पड़ी मां, बोलीं- कहा था नौकरी छोड़ दे

**नोहर(हनुमानगढ़).**

जम्मू-कश्मीर में आतंकियों की गोली के शिकार हुए विजय कुमार शव उनकी पत्नी लेकर आईं। शुक्रवार सुबह का उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। कश्मीर में टारगेट किलिंग के शिकार हुए बैंक मैनेजर विजय कुमार का शव शुक्रवार सवेरे करीब सात बजे राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के भगवान गांव लाया गया। बॉडी के साथ विजय की पत्नी मनोज कुमारी थीं। पूरे रास्ते वह सब्र किए बैठी रहीं, लेकिन जैसे ही घर की दहलीज पर पहुंची तो सास से लिपटकर चीख पड़ीं। फिर बेसुध हो गईं। यही हाल विजय कुमार की मां और पिता का था। मां-बाप बार-बार बेसुध हो रहे थे। बेटे के शव को देखकर मां उससे लिपट गईं और बार बार यही कहती रहीं, देख, मैंने तुझे कहा था, नौकरी छोड़कर आजा, अपन कम कमा लेंगे, लेकिन तू नहीं माना। वे कभी बहू को संभालतीं तो कभी बेटे की ओर देखकर खुद बेसुध हो जातीं। ग्रामीणों और रिश्तेदारों ने शव के पहुंचने से पहले ही अंतिम संस्कार की पूरी तैयारी कर रखी थी। इसके कुछ देर बाद ही अंतिम यात्रा शुरू हुई और सवेरे करीब नौ बजे विजय कुमार का अंतिम संस्कार कर दिया गया।



### अंतिम संस्कार में उमड़ा पूरा गांव

विजय की हत्या के बाद पूरे गांव में गुस्सा है। गुरुवार को जब से यह दुखद खबर आई थी तब से ही गांव के किसी घर में चूल्हा नहीं जला। लोग विजय के घर आते-जाते रहे। यहां तक कि रात को भी कई लोग अपने घर नहीं गए। सवेरे जैसे ही शव गांव में पहुंचा। पूरा गांव अंतिम यात्रा में उमड़ पड़ा। गौरतलब है कि बैंक मैनेजर विजय की कल आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

### दो दिन पहले जताई थी चिंता

**विजय कुमार की पत्नी ने घर वालों को बताया कि दो दिन पहले वहां एक टीचर की हत्या के बाद से ही विजय कुमार भी चिंतित थे और कह रहे थे कि यहां हालात खराब होते जा रहे हैं। हमें चलना चाहिए। हम कुछ निर्णय ले पाते, उससे पहले ही आतंकियों ने उनकी हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि वे रोज की तरह बैंक गए थे। कहकर गए थे कि चिंता मत करना। शाम को वक्त पर आ जाऊंगा। दिन में भी कई बार फोन करके बात करते रहते थे, लेकिन इस घटना ने सब कुछ छीन लिया।**

## कांग्रेस की उदयपुर में बाड़ेबंदी, 60 एमएलए नहीं पहुंचे

**उदयपुर.**

राज्यसभा चुनाव से पहले विधायकों की खरीद फरोख्त की आशंका को देखते हुए कांग्रेस और समर्थित विधायकों की बाड़ेबंदी उदयपुर में की जा रही है। जगह भी वही है, जो चिंतन शिविर की थी। हालांकि कांग्रेस के लिए चिंता अभी कम नहीं हुई है। अरावली की वादियों में ताज अरावली होटल में कांग्रेस के विधायकों को रुकवाया गया है, लेकिन अभी 125 में से सिर्फ 65 विधायक ही पहुंचे हैं। यहां विधायक 9 जून तक रहेंगे। इसके बाद उन्हें सीधे जयपुर ले जाकर 10 जून को वोट डलवाया जाएगा। राजस्थान में चार सीटों पर राज्यसभा चुनाव होने हैं। इनमें से दो सीटों पर कांग्रेस की और एक पर भाजपा की जीत तय है। चौथी सीट पर भाजपा समर्थित उम्मीदवार डॉ. सुभाष चंद्रा का मुकाबला

### बसपा से आए विधायकों ने बढ़ाई मुश्किल

कांग्रेस के प्रमोद तिवारी से होगा। इसी सीट के लिए कांग्रेस विधायकों की बाड़ेबंदी कर रही है। फिलहाल, 125 में से 65 विधायक ही पहुंचे हैं। निर्दलीय विधायक ओम प्रकाश हुड़ला बीमार हो गए हैं। रमिला खड़िया, राजेंद्र बिधूड़ी से भी कांग्रेस का संपर्क नहीं हुआ है। वहीं, शनिवार और रविवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी उदयपुर आ सकते हैं।

महेश जोशी, पुखराज पाराशर, धर्मेंद्र राठौड़ और रफीक खान के जिम्मे विधायकों को गुरुवार शाम जयपुर से रवाना कर दिया गया। रास्ते में भीलवाड़ा के राजस्व मंत्री रामलाल जाट के घर विधायकों ने रात का डिनर किया। देर रात 2:30 बजे 65 विधायक बस से होटज ताज अरावली पहुंचे।

## सचिन पायलट का तीनों सीटों पर जीत का दावा

### बोले- जिन्होंने 3.5 साल तक समर्थन किया, वो खिलाफ वोट नहीं कर सकते

**उदयपुर.**

बाड़ाबंदी के चलते कांग्रेस नेताओं का उदयपुर पहुंचने का सिलसिला जारी है। सचिन पायलट भी शुक्रवार दोपहर उदयपुर पहुंचे। वे यहां फ्लाइट से एयरपोर्ट पहुंचे। उनके साथ राज्यसभा प्रत्याशी प्रमोद तिवारी भी थे। वहीं, कई और विधायक उनके साथ थे। इनमें बृजेंद्र ओला, रमीला खड़िया, रोहित बोहरा, जोगिंदर सिंह अवाना, गुरमीज सिंह कुन्नर, बाबूलाल बैरवा और नरेंद्र बुडानिया भी उदयपुर पहुंचे। एयरपोर्ट से सभी विधायक होटल ताज अरावली के लिए रवाना हो गए। इस दौरान पायलट ने राज्यसभा में कांग्रेस को तीनों सीटों पर जीत का दावा किया। पायलट ने कहा- सभी क्षेत्रीय दलों के विधायकों ने सरकार का समर्थन



किया। सरकार ने भी निर्दलीयों को अच्छी जगह दी। 3.5 साल तक जिन लोगों ने कांग्रेस का समर्थन किया है। वो किसी भी कीमत पर खिलाफ वोट डालेंगे संभव नहीं। हम भारी बहुमत से तीनों सांसद बनकर जाएंगे। तीनों उम्मीदवार पर्याप्त बहुमत से जीतकर जाएंगे।

## युवा आपके सपनों को पूरा करेंगे, यूपी भारत की ग्रोथ स्टोरी को मोमेंटम देगा : पीएम मोदी

**लखनऊ.** लखनऊ में शुक्रवार को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 3.0 में 80 हजार करोड़ रुपए की 1,406 औद्योगिक परियोजनाओं का शिलान्यास पीएम नरेंद्र मोदी ने किया। पीएम मोदी ने कहा, उत्तर प्रदेश की युवा शक्ति पर भरोसा करने के लिए निवेशकों का धन्यवाद। यूपी के युवाओं की प्रतिभा, उनका संकल्प और समर्पण आपके सभी सपनों को पूरा करेगा।



## जयपुर एयरपोर्ट पर प्लेन हाईजैक से हड़कंप!

### 8 क्रू मेंबर्स के साथ 40 पैसेंजर को बंधक बनाकर मॉकड्रिल की गई

**जयपुर.** जयपुर एयरपोर्ट पर शुक्रवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब अधिकारियों तक प्लेन हाईजैक होने की सूचना पहुंची। सूचना मिली की ढाका से दिल्ली जा रहे विमान को आतंकियों ने अपने कब्जे में ले लिया है। जो जयपुर एयरपोर्ट पर उताया जाएगा। एयरपोर्ट पर तैनात सीआईएसएफ की यूनिट एक्टिव हो गई। मिनटों में एयरपोर्ट के रनवे को सीआईएसएफ के कमांडों ने घेर लिया। जिसे देख एक बार एयरपोर्ट पर मौजूद पैसेंजर भी घबरा गए, लेकिन ये सब मॉकड्रिल का हिस्सा था। एयरपोर्ट के टैंगो टैक्सी आइसोलेशन वे पर यह मॉकड्रिल की गई। मॉकड्रिल में अधिकारियों को सूचना मिली की लैंड हुई फ्लाइट में 8 क्रू मेंमबर और 40 पैसेंजर हैं। जिन्हें डमी आतंकियों ने बंधक लिया है। करीब एक घंटे तक चली इस मॉकड्रिल को प्रोफेशनल तरीके से हैंडल किया गया। एयरपोर्ट सिक्योरिटी और सीआईएसएफ ने जिस तरह से सूचना के बाद कंट्रोल किया।

ऑपरेशन शुरू किया वह देखने लायक था। साथ ही सीआईएसएफ का रेस्पॉस टाइम के बारे में अभी जानकारी नहीं मिली है। तय समय में पहले ऑपरेशन कर लिया गया। एयरपोर्ट पर तैनात सीआईएसएफ के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मॉकर्ड्रिल भारत सरकार के निर्देश पर कराई जाती है। अगर कभी इस तरह की घटना हो जाए तो टीमें क्या करेंगी।

## डेगाना नगरपालिका के प्रस्तावित मास्टर प्लान का विरोध

### शिकायतें दर्ज करवाकर बदलाव करने की मांग की



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** टाउन प्लानिंग टीम द्वारा हॉल ही में डेगाना नगरपालिका क्षेत्र में लागू होने वाले मास्टर प्लान का प्रारूप प्रस्तुत किया, लेकिन मास्टर प्लान में शहर के लोगों ने बताया कि टाउन प्लानिंग टीम द्वारा अपनी मनमर्जी से प्लान कर लोगों पर थोपना चाहती है जो सरासर शहर के लोगों के साथ अन्याय है। लोग इसे कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। प्रस्तावित मास्टर के विरोध में शहर के सैकड़ों नागरिकों ने शुक्रवार को पालिका कार्यालय पहुंचकर अपना विरोध लिखित में अधिषाशी अधिकारी सुनिल चौधरी को सौंपकर बताया कि यह प्लान शहर के लोगों की भावना के अनुरूप नहीं है। इसमें पुन: विचार का सुधार करना जरूरी है। साथ ही मास्टर प्लान बनाने से पूर्व स्थानीय जन प्रतिनिधियों व राजनीतिक दलों तथा प्रतिष्ठित लोगो के साथ बैठकर विचार विमर्श करने के बाद जो आम राय उसी के अनुरूप मास्टर प्लान तैयार करने की मांग की।

## देवली सरपंच सहित ग्रामीणों पर बन-बावरियां जाति के लोगों ने की फायरिंग

### ग्रामीणों की मदद से तीन को किया गिरफ्तार

### देवली पंचायत के कंचनपुरा गांव का मामला

हितेश रारा

**मारोठ( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे के निकटवर्ती देवली ग्राम पंचायत के कंचनपुरा में शुक्रवार को करीब 12 बजे देवली सरपंच रामनिवास नेहरा सहित ग्रामीणों पर बन बागरिया जाति के रतनलाल पुत्र गोरुराम व गोरुराम पुत्र कानाराम निवासी करणसर ने एलानी धमकी देते हुए दो फायर कर दिए। गनीमत रही कि गोली से कोई जन हानी नहीं हुई। दोनों आरोपियों को दिनेश उर्फ डिब्बू तिवाड़ी ने मोटरसाइकिल पर बैठा रखा था और भाग गए। गोली चलने से देवली पंचायत के ग्रामीणों में दहशत सी फैल गई, लेकिन सरपंच रामनिवास नेहरा सहित कई युवाओं ने हिम्मत नहीं हारते हुए गोली चलाने वाले रतनलाल पुत्र गोरुराम, गोरुराम पुत्र कानाराम सहित मोटरसाइकिल चालक दिनेश तिवारी को पकड़ लिया ओर मारोठ पुलिस को तुरंत सूचना दी। मारोठ थानाधिकारी खेताराम ने सूचना



मिलते ही तुरंत प्रभाव से जाप्ता लेकर घटनास्थल पहुंचे और तीनों आरोपियों को दस्तयाब कर गिरफ्तार किया।

### बन बागरियों का आतंक

देवली सरपंच रामनिवास नेहरा बताया कि बन बागरिया जाति के लोगों द्वारा हर रोज क्राइम की घटनाओं को वारदात दिया जाता है। फायरिंग की घटना के पहले दिन मंदिर पुजारी को धमकी देकर आने पर गांव के लोग एक जगह इकट्ठे होकर समझाकर आए थे लेकिन उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली कहावत चरितार्थ हो गई। बावरिया जाति के लोगों ने समझाकर आने वाले लोगों पर ही फायर कर दिया।




## मोटरसाइकिल चोरी के 2 आरोपियों को 8 घंटे में किया गिरफ्तार

हितेश रारा

**मारोठ( नागौर डेली न्यूज ) :** मारोठ कस्बे के मुख्य बाजार से दिनदहाड़े मोटरसाइकिल चोरी होने की घटना को लेकर राममूर्ति जोशी पुलिस अधीक्षक नागौर के आदेशानुसार एवं गणेशाराम अति. पुलिस अधीक्षक कुचामनसिटी के निर्देशन व संजीव कटेवा वृत्ताधिकारी कुचामन के निकटतम सुपरविजन व खेताराम उनि थानाधिकारी के नेतृत्व में गुरुवार को कस्बा मारोठ में मोटसाईकिल चोरी के दो मुलजिमान को त्वरित कार्यवाही करते हुये गिरफ्तार कर मोटरसाईकिल भी बरामद की।

पीड़ित मन्नाराम पुत्र नन्दाराम मेघवाल निवासी बीजापुरा ने पुलिस थाने में रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि गुरुवार को मोटरसाईकील नं. आर जे-37 एस डी 3803 लेकर मारोठ बैंक में कोई जरूरी कार्य से करीबन 10.45 के लगभग में आया था। तब मोटरसाईकिल को बालाजी मार्केट में गिरीराज सैन की दुकान के सामने खड़ी करके बैंक में चला गया। फिर करीब 7-8 मिनट बाद आया तो मेरी मोटरसाईकिल वहाँ पर नहीं थी खूब ढूंढने के बाद मैंने सुपर मार्केट व ममता स्टूडियो के सीसीटीवी कैमरे



में देखा तो दो व्यक्ति दिखाई दिये जो 2 से 4 मिनट तक वहाँ पर खड़े रहे और मोटरसाईकील को देख रहे थे। उसमें से एक लड़का बैंक की तरफ आकर पैदल नला बाजार की तरफ जाने लगा व दूसरा लड़का मोटरसाईकील को लेकर बालाजी मार्केट के अन्दर से होकर दूसरी गली से नला बाजार की तरफ निकल गया।

**पुलिस को मिली सफलता**-मारोठ पुलीस ने घटनास्थल पर सी. सी. टी. फुटेज व तकनीकी से मुलजिमान की तस्दीक कर लोकेशन से श्याम सुन्दर पुत्र ओमप्रकाश रैगर निवासी शिंभूपुरा व रघुवीर सिंह पुत्र मांगुसिंह राजपूत निवासी कांटिया को दस्तयाब किया व पूछताछ कर गिरफ्तार किया गया व शुक्रवार को दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहां से दोनों आरोपी को जै सी की गई।

## सम्पादकीय

# संदेह के खाते

प्रवर्तन निदेशालय की ओर से पीएफआई यानी पापुलर फ्रंट आफ इंडिया के खिलाफ ताजा कार्रवाई ने एक बार फिर इस बात को रेखांकित किया है कि देश में संवेदनशील मुद्दों पर चलने वाली गतिविधियों और उसके पीछे खड़ी ताकतों पर नजर रखने की जरूरत है। यह संभव है कि संदेह के घेरे में आए सभी लोग या समूह अवांछित या गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल नहीं हों, मगर सतर्कता के लिए कई बार समान नजरिया जरूरी होता है। यों भी, वक्त रहते सावधानी बरतना कई बार सरकारी तंत्र का दायित्व होता है। इस लिहाज से देखें तो पीएफआई के तैंतीस खातों पर जिस तरह ईडी यानी प्रवर्तन निदेशालय ने रोक लगाई है, उसके पीछे कोई ठोस आधार होगा, लेकिन फिलहाल यह कार्रवाई कानून की कसौटी पर रहेगी। पीएफआई के जिन खातों पर रोक लगाई गई है, उनमें अड़सठ लाख रुपए से ज्यादा की रकम है। ईडी की जांच में यह पाया गया है कि इन खातों में 2009 से लेकर अब तक एक सौ दस करोड़ रुपए से ज्यादा जमा किए गए हैं। जाहिर है, सामाजिक सरोकारों के लिए काम का दावा करने वाले किसी संगठन में अगर इतनी बड़ी रकम आ रही है और जिसके दुरुपयोग की आशंका है, तो उस पर नजर रखना प्रथम दृष्टया सरकार की जिम्मेदारी बनती है। पिछले कुछ सालों में लगातार देश के अलग-अलग हिस्सों में होने वाली कई अराजक या फिर हिंसक गतिविधियों में पीएफआई का नाम आ रहा हो तो उसे निगरानी के दायरे में रखने को सतर्कता की कार्रवाई कहा जा सकता है।

हालांकि पीएफआई ने ईडी की ओर से उसके बैंक खातों को अस्थायी तौर पर कुर्क किए जाने की आलोचना की और कहा कि 'विभाजनकारी नीतियों' के खिलाफ 'न झुकने वाला उसका रुख' ईडी की कार्रवाई की मुख्य वजह है, जिसके चलते उसे 'राजनीति से प्रेरित' मामलों में निशाना बनाया जा रहा है। लेकिन पीएफआई को यह सोचने की जरूरत है कि कई गैरकानूनी, अराजक या हिंसक घटनाओं में किसी न किसी रूप में उसके संलिप्त होने या आर्थिक मदद करने के आरोप लगातार सामने आ रहे हैं तो क्या ये पूरी तरह से निराधार हैं! अगर ऐसा है भी तो यह आखिर कानूनी प्रक्रिया के जरिए साबित होगा।

पिछले कुछ सालों के दौरान जहां दिल्ली में हुए दंगों में पीएफआई की भूमिका पर सवाल उठे थे, वहीं इस पर सीएए विरोधी आंदोलन को शह देने और कई स्तरों पर देश विरोधी काम करने के भी आरोप लगे। कुछ समय पहले कर्नाटक में उठे हिजाब विवाद के पीछे भी इस संगठन का हाथ होने की बात कही गई। इसके अलावा, सरकारी एजंसियों की जांच में यह पाया गया था कि पीएफआई कई खाड़ी देशों और चीन से भी धन जुटा रहा है। सवाल है कि अगर अलग-अलग जांच में कई अवांछित गतिविधियों में इस संगठन के संलिप्त होने के आरोप सामने आ रहे हैं तो ऐसा क्यों है! ईडी का ताजा कार्रवाई के पहले पिछले साल आयकर विभाग ने भी पीएफआई के बैंक खातों में विदेशों से मिल रहे धन पर रोक लगा दी थी। पीएफआई खुद को मुसलमानों के अलावा देश में दलितों, आदिवासियों के साथ होने वाले अन्याय के खिलाफ मोर्चा उठाने और न्याय, स्वतंत्रता और सुरक्षा की पैरोकारी का दावा करता है। लेकिन ऐसा क्यों है कि देश के अलग-अलग हिस्सों में कानून को ताक पर रख कर होने वाली अराजक और हिंसक गतिविधियों में भी इसकी संलिप्तता के आरोप सामने आते रहे हैं? देश और समाज के हक में काम करने वाले किसी भी संगठन के कामकाज में अगर पारदर्शिता होगी।

# प्रताड़ना झेलने को विवश आधी आबादी

**हाल ही में जारी भारत के अट्ठाईस राज्यों और आठ केंद्र शासित प्रदेशों के 707 जिलों के करीब साढ़े छह लाख घरों के सर्वेक्षण के आधार पर तैयार की गई रिपोर्ट इसी बात की पुष्टि करती है। गौरतलब है कि स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण की पांचवी रिपोर्ट में सामने आया है कि देश में आज भी लगभग एक तिहाई महिलाएं शारीरिक या यौन हिंसा की शिकार हैं। इस दुर्व्यवहार का दुखद पक्ष यह भी है कि शारीरिक और यौन हिंसा झेलने वाली महिलाओं की इतनी बड़ी आबादी में से सिर्फ चौदह प्रतिशत महिलाएं मदद मांगने के लिए आगे आई हैं। जबकि पारिवारिक सुदृढ़ता के लिए दुनिया भर में मान पाने वाले हमारे देश में 18-49 साल की तीस प्रतिशत महिलाएं पंद्रह साल से कम की उम्र से ही शारीरिक हिंसा का शिकार हुई हैं। घरेलू हिंसा के सबसे ज्यादा आंकड़े विवाहत महिलाओं से जुड़े हैं, जबकि दांपत्य जीवन दो पीढ़ियों को जोड़ने वाले सेतु के समान होता है। बुजुर्गों की जिम्मेदारी से लेकर बच्चों के पालन-पोषण के दायित्व तक, पारिवारिक संसार से जुड़ा कितना कुछ दो इंसानों के साझे जीवन के साथ चलता है। ऐसे में घरेलू हिंसा की पीड़ा और प्रताड़ना झेलने वाली औरतों के लिए अपने ही घर में असुरक्षा और अपमान की स्थितियां बन जाती हैं।**

**रूढ़िवादी** मानसिकता ने बहुत कुछ बदल कर भी कुछ न बदलने जैसे हालात बना रखे हैं। यही वजह है कि घरेलू हिंसा का दंश भी समाज के हर वर्ग में देखने को मिलता है। सवाल है कि घर के हर सदस्य को भावनात्मक सहारा देने वाली महिलाएं क्यों अपने ही घर के भीतर हिंसक व्यवहार झेलने को विवश हैं? दुनिया का हर इंसान सम्मान और सुरक्षा की उम्मीद रखता है। पर अफसोस कि कई भारतीय महिलाओं को अपने घर में भी सम्मान का माहौल नहीं मिलता। देश की आबादी का आधा हिस्सा होने के बावजूद औरतें अपने ही घर में अपना मानवीय हक हासिल नहीं कर पाई हैं। घरेलू हिंसा जैसी अमानवीय स्थितियां अब भी उनके हिस्से आ रही हैं। शिक्षित और आत्मनिर्भर होती स्त्रियों के आंकड़े भी उन्हें मानवीय हक नहीं दिला पा रहे। इनमें सबसे ज्यादा तकलीफदेह है, छोटी-छोटी बातों पर उनके साथ होने वाली हिंसा। यह प्रताड़ना मानसिक और मनोवैज्ञानिक पीड़ा का सबब तो है ही, महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़ी तकलीफों का भी अहम कारण है। सहयोग और संबल देने वाले रिश्ते ही उनका जीना दुश्वार कर देते हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक महिलाओं के खिलाफ शारीरिक हिंसा के अस्सी फीसद से ज्यादा मामलों में अपराधी पति ही होता है। ऐसे में सवाल है कि यह कैसा साझा जीवन है, जिसमें सुरक्षा और सम्मान की जगह अपमान और प्रताड़ना का दंश भरा हो। इससे बढ़ कर तकलीफ देह क्या होगा कि हमारे यहां सार्वजनिक जीवन में ही नहीं, व्यक्तिगत मामलों में भी स्त्रियां पीड़ादायी परिस्थितियों में जी रही हैं।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण की इस रिपोर्ट के अनुसार बत्तीस प्रतिशत महिलाओं ने अपने जीवन में घरेलू हिंसा झेली है। चौदह फीसद महिलाएं भावनात्मक हिंसा का शिकार बनी हैं। छह प्रतिशत महिलाएं यौन हिंसा का शिकार भी बनी हैं। पत्नी पर हाथ उठाना कई पुरुष अपना अधिकार समझते हैं। कई बार तो इस हद तक मारपीट की जाती है कि महिला की जान चली जाती है। गौरतलब है कि स्वास्थ्य मंत्रालय का यह पांचवा सर्वेक्षण 2019 से 2021 के बीच किया गया है। यानी वैश्विक विपदा के दौर में भी औरतों के साथ दुर्व्यवहार जारी रहा। यहां तक कि जीवन के सबसे ज्यादा अनिश्चितता और पारिवारिक साथ की सबसे ज्यादा जरूरत वाले कोरोना काल में भी महिला आयोग को घरेलू हिंसा की घटनाओं में बढ़ोतरी को लेकर समाज और सरकार को चेताना पड़ा। आल इंडिया डेमोक्रेटिक वुमन्स एसोसिएशन समेत आठ महिला अधिकार संगठनों ने भी कोरोना संक्रमण की घर तक सिमटी जिंदगी के दौर में महिलाओं के सामने आ रही ऐसी मुश्किलों पर गहरी चिंता जताई थी।

तकरीबन हर अध्ययन और व्यावहारिक रूप से दिखने वाली हर परिस्थिति, घरेलू हिंसा से जुड़े भयावह आंकड़े और कड़वी हकीकत को सामने लाते रहे हैं। कभी दहेज के नाम पर, तो कभी बिटिया को जन्म देने के उलाहने रूप में। मारपीट कर उनकी मान-मर्यादा पर आघात करना हमारी पारिवारिक व्यवस्था में आम बात है। अफसोस कि बरसों के साथ में भी यह दुर्व्यवहार जड़ें जमाए हुए है। यह सर्वेक्षण बताता है कि बढ़ती उम्र में भी घरेलू हिंसा के मामले देखने में आ रहे हैं। लंबा



वैवाहिक जीवन बिता चुके दंपत्तियों में महिलाओं के खिलाफ घरेलू हिंसा के मामले दोगुने हो गए हैं। आंकड़े बताते हैं कि 18-19 साल के विवाहितों में ऐसे मामले 16.4 प्रतिशत हैं, तो 40-49 की उम्र वालों में यह आंकड़ा 32.1 पाया गया। यह बेहद चिंतनीय है कि घरेलू हिंसा के बढ़ते आंकड़ों के बावजूद मदद लेने के लिए आगे आने वाली महिलाओं की संख्या बहुत कम है। जबकि बीते कुछ बरसों में महिला शिक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता के आंकड़े तेजी से बढ़े हैं। स्त्री अधिकारों को लेकर सजगता लाने वाले अभियानों को गति मिली है। महिलाओं के सशक्तीकरण संबंधी जन-जागरूकता अभियानों की पहुंच बढ़ी है। ऐसे में कहना गलत नहीं होगा कि अपनों से मिले अपमानजनक और पीड़ादायी बर्ताव को झेलते रहने की वजह सामाजिक-पारिवारिक दबाव और रूढ़ सोच ही है। सर्वेक्षण में भी खुलासा हुआ है कि ऐसे दुखद हालात में भी सहायता लेने वाली महिलाओं की संख्या कम है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण की तीसरी रिपोर्ट से अब तक बहुत बड़ी गिरावट दर्ज हुई है। 2005-06 में यह दर चौबीस प्रतिशत थी, जो 2015-2017 में 14 फीसद रह गई। 2019-21 के हालिया सर्वेक्षण में इस आंकड़े में कोई बदलाव नहीं हुआ है। सहायता लेने वाली महिलाओं का आंकड़ा मात्र चौदह फीसद रहा, जबकि घरेलू हिंसा की शिकार औरतों के आंकड़ों में इजाफा देखने को मिल रहा है। दरअसल, यह हिंसक व्यवहार लैंगिक भेदभाव की लीक पर चलने की सोच का ही परिणाम है। इसके चलते घर के कामकाज हों या आर्थिक जिम्मेदारियां उठाने का मामला, अपनों की देखभाल के दायित्व निर्वहन की सूची में खुद को दोयम दर्जे पर रखने वाली महिलाओं को अपने ही घर में यह अपमानजनक व्यवहार झेलना पड़ता है। असहयोगी परिवेश के कारण कई महिलाएं इस दुर्व्यवहार को अपनी नियति मान कर चुपचाप सहती रहती हैं। कानूनी रूप से यह दुर्व्यवहार अपराध होने के बावजूद यह दंश झेल रही औरतें मदद नहीं मांग पातीं। कई बार पारिवारिक सम्मान का हवाला देकर भी उन्हें चुप करा दिया जाता है। ऐसे परिवार भी कम नहीं, जहां महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा को व्यवस्थागत समर्थन दिया जाता है। नतीजतन, इस त्रासद व्यवहार को झेलते हुए अकेली पड़ जाने वाली महिलाओं के मन की घुटन उन्हें शारीरिक बीमारियों और मनोवैज्ञानिक परेशानियों के घेरे में भी ले आती है।

## आज का राशिफल

### मेष
वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। राजकीय सहयोग से कार्य पूर्ण होंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा।

### वृषभ
प्रसन्नतापूर्वक समय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। भूमि व भवन की खरीद-फरोख्त लाभदायक रहेगी।

### मिथुन
किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। प्रसन्नता तथा मनोरंजन के साधन उपलब्ध होंगे। कारोबार लाभदायक रहेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। भाइयों से सहयोग मिलेगा। कुसंगति से हानि होगी।

### कर्क
लाभ के अवसर टलेंगे। समय पर बाहर से धन नहीं मिलने से निराशा रहेगी। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। नौकरी में अधिकारी अधिक की अपेक्षा करेंगे। बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। मेहनत अधिक होगी।

### सिंह
व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सभी काम समय पर होने से प्रशंसा प्राप्त होगी।

### कन्या
प्रसन्नतापूर्वक समाचार प्राप्त होंगे। मान बढ़ेगा। लंबी यात्रा की इच्छा रहेगी। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। पुराने साथियों तथा रिश्तेदारों से मुलाकात सुखद रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

### तुला
यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। नए काम मिल सकते हैं। कार्य से संतुष्टि रहेगी। नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय होगा। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। प्रसन्नता तथा उत्साह का वातावरण बनेगा।

### वृश्चिक
व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कोई भी निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें।

### धनु
यात्रा मनोनुकूल रहेगी। नए काम हाथ में आएंगे। कारोबारी वृद्धि से प्रसन्नता रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है।

### मकर
योजना फलीभूत होगी। कार्यपद्धति में सुधार होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। शेयर मार्केट में जल्दबाजी से बचें। विवेक का प्रयोग करें। भाग्य का साथ मिलेगा।

### कुंभ
कारोबार मनोनुकूल चलेगा। मित्रों का सहयोग लाभ में वृद्धि करेगा। लंबित कार्य पूर्ण होंगे। निवेश शुभ रहेगा। प्रसन्नता का वातावरण बनेगा, शुभ समाचार मिलेंगे। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। प्रमाद न करें।

### मीन
कारोबार से लाभ होगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। थकान व कमजोरी रह सकती है। अज्ञात भय रहेगा। अनहोनी की आशंका रहेगी। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें।

## व्यापार समाचार

# इकोनॉमी को लेकर सुपर बैड फीलिंग, 10% स्टाफ कम करना होगा : एलन मस्क

नई दिल्ली।

इलेक्ट्रिक कार मेकर टेस्ला के सीईओ एलन मस्क स्टाफ में कटौती करने जा रहे हैं। मस्क ने कहा कि इकोनॉमी को लेकर उन्हें सुपर बैड फीलिंग आ रही है, इसलिए 10% स्टाफ कम करना होगा। रॉयटर्स ने एक इंटरनल मेल के आधार पर इसे लेकर एक रिपोर्ट पब्लिश की है। टेस्ला एग्जीक्यूटिव्स को कटौती से जुड़ा ये मेल भेजा गया था। इसका टाइटल पॉज ऑल हायरिंग वर्ल्डवाइड था। यानी दुनिया भर में सभी नियुक्तियों को रोकें।

**मस्क की कर्मचारियों को चेतावनी :** इससे पहले एलन मस्क ने टेस्ला के कर्मचारियों को चेतावनी दी थी कि या तो वे ऑफिस आकर काम करें, वरना टेस्ला छोड़ दें। सोशल मीडिया पर इससे जुड़ा एक मेल लीक हुआ था। इस मेल में कोरोना के कारण शुरू हुआ वर्क फ्रॉम होम खत्म करने का ऐलान किया गया था। मेल में लिखा था कि कर्मचारियों को हर हफ्ते कम से कम 40 घंटे ऑफिस में आकर काम करना होगा। इसमें ये भी लिखा था कि कर्मचारियों को टेस्ला के मेन ऑफिस में आकर ही काम करना होगा। अगर कोई कर्मचारी दूर स्थित ब्रांच ऑफिस में जाकर काम करेगा तो उससे बात नहीं बनेगी।



### दुनिया के सबसे अमीर बिजनेसमैन मस्क

एलन मस्क की नेटवर्थ 233.7 अरब डॉलर (करीब 18 लाख करोड़ रुपए) है। वो इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला के जरिए पृथ्वी पर और स्पेसएक्स के जरिए अंतरिक्ष में ट्रांसपोर्टेशन रिवॉल्यूशन लाने के लिए काम कर रहे हैं। उनके पास टेस्ला की 21% हिस्सेदारी है, लेकिन उन्होंने लोन के लिए कोलेटरल के रूप में अपनी आधी से ज्यादा हिस्सेदारी गिरवी रखी है। उन्होंने माइक्रो ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ट्विटर को खरीदने के लिए 44 अरब डॉलर में डील की है। उनके पास ट्विटर की 9.1% हिस्सेदारी है।

# अडाणी को पछाड़कर अंबानी बने एशिया के सबसे अमीर बिजनेसमैन

मुंबई।

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन मुकेश अंबानी एक बार फिर एशिया और भारत के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। उन्होंने अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी को पछाड़ दिया। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक बीते दो दिनों में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयर की कीमतों में आए उछाल के कारण अंबानी कि नेटवर्थ 99.7 अरब डॉलर (करीब 7.73 लाख करोड़ रुपए) हो गई। अडाणी की नेटवर्थ 98.7 अरब डॉलर (7.66 लाख करोड़ रुपए) है। फोर्ब्स की रियलटाइम बिलेनियर्स लिस्ट में भी मुकेश अंबानी आगे निकल गए हैं।

**दुनिया में अंबानी 8वें और अडाणी 9वें नंबर पर :** ब्लूमबर्ग की दुनिया के अमीरों की लिस्ट में मुकेश अंबानी 8वें और गोतम अडाणी 9वें नंबर पर है। पहले नबंर पर टेस्ला और स्पेसएक्स को सीईओ एलन मस्क है। उनकी नेटवर्थ 227 अरब डॉलर यानी करीब 17.6 लाख करोड़ रुपए है। दूसरे नंबर पर अमेजन के मालिक जेफ बेजोस



है जिनकी नेटवर्थ 149 अरब डॉलर (करीब 11.5 लाख करोड़ रुपए) है। तिसरे नंबर पर 138 अरब डॉलर (10.71 लाख करोड़ रुपए) फ्रांस के बिजनेसमैन बर्नार्ड अर्नाल्ट है। वो एलवीएमएच के चेयरमैन है। एलवीएमएच दुनिया की सबसे बड़ी लग्जरी गुड्स मेकर कंपनी है।

**फोर्ब्स की लिस्ट में अंबानी 6वें नंबर पर :** फोर्ब्स की रियलटाइम बिलेनियर्स लिस्ट में मुकेश अंबानी 104.2 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ 6वें नंबर पर है। गौतम अडाणी 100.3 अरब डॉलर के साथ 9वें नंबर पर है।

# टाटा प्रोजेक्ट्स जेवर में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण करेगी

**मुंबई।** टाटा समूह की बुनियादी ढांचा और निर्माण शाखा- टाटा प्रोजेक्ट्स को उत्तर प्रदेश के जेवर में आगामी नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के निर्माण का ठेका मिला है। यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (वाईआईएपीएल) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि इस अनुबंध के तहत टाटा प्रोजेक्ट्स हवाई अड्डे पर टर्मिनल, रनवे, एयरसाइड इंफ्रास्ट्रक्चर, सड़कों, उपयोगिताओं और अन्य सहायक भवनों का निर्माण करेगी। वाईआईएपीएल, स्विटजरलैंड की कंपनी ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी की 100 प्रतिशत सहायक कंपनी है और इसे नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के विकास के लिए एक विशेष उद्देश्यीय कंपनी (एसपीवी) के रूप में शामिल किया गया है। बयान में कहा गया, "वाईआईएपीएल ने नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) के लिए टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड का चयन किया है। कंपनी को बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के डिजाइन, खरीद और निर्माण में उसके अनुभव के आधार पर अंतिम तीन में से से चुना गया।" कुल 1,334 हेक्टेयर में फैली ग्रीनफील्ड सुविधा के पहले चरण में 5,700 करोड़ रुपये के निवेश से एकल रनवे परिचालन शुरू किया जाएगा, जिसकी क्षमता हर साल 1.2 करोड़ यात्रियों को संभालने की होगी। यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस्टोफ श्नेलमैन ने कहा, "हमें नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के ईपीसी काम के लिए टाटा प्रोजेक्ट्स के साथ साझेदारी करने की खुशी है।







# सुभाष बोस शिक्षण संस्थान में विद्यार्थियों का हुआ अभिनंदन

## शिक्षा से रोजगार विषय पर हुआ व्याख्यान

अबूबकर बल्खी

**लाडनूं( नागौर डेली न्यूज ) :** सुभाष बोस उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 12 के विज्ञान वर्ग, कृषि विज्ञान व वाणिज्य वर्ग ने उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह प्रख्यात साहित्यकार रामकुमार तिवाड़ी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जिसमें बतौर मुख्य वक्ता बोलते हुए शंकर आकाश ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में बिना रूचि के विषय का चयन भी बेरोजगारी का एक कारण है। इसलिए विद्यार्थी को विषय का चयन अपनी रूचि और पारिवारिक संसाधनों को ध्यान में रखते हुए करना चाहिए, जिससे कॅरिअर निर्माण सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम में शिक्षक शिवशंकर बोहरा ने विद्यार्थीयों को लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने की बात कही। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य भंवरलाल मील ने बताया कि विज्ञान वर्ग में ज्योति स्वामी ने 93 प्रतिशत, डिम्पल चन्देलिया 92 प्रतिशत, अक्षत यादव 91.20 प्रतिशत, ब्रह्माकुमार प्रजापत 91 प्रतिशत, कृष्ण प्रजापत 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। इसी क्रम में कृषि विज्ञान में प्रियंका ईशरावां 92.20 प्रतिशत व ज्योति बेनिवाल ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।

साथ ही वाणिज्य वर्ग में राहुल शर्मा 86 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर संरक्षक रामकुमार तिवाड़ी ने बच्चों को माला व साफा पहनाकर स्वागत किया तथा भविष्य में विद्यालय अनुशासन के साथ चलते व अपने लक्ष्य प्राप्त करने की सलाह दी। कार्यक्रम के पश्चात् नगर के प्रमुख मार्गो से विद्यार्थियों का विजय जुलूस निकाला गया। जो गौरवपथ से प्रारम्भ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से गुजरा। जहां नागरिको द्वारा होनहारों का तिलक लगाकर स्वागत किया।




### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष नन्दलाल शर्मा, विनोद गरसा, ओमप्रकाश प्रजापत, भंवरलाल ईशरावां, गुलाब सिंह, बस्तीराम चोयल, ओमप्रकाश प्रजापत, मुकेश यादव, राकेश यादव, अबुबकर बल्खी, भींवाराम चंदेलिया, मदनलाल प्रजापत, बीरमाराम चंदेलिया, मानमल प्रजापत, श्यामसुन्दर जांगीड़, हिरालाल जांगीड़, बजरंगलाल शर्मा, डूंगरदास स्वामी, हरदयाल सिंह, सुखराम बेनिवाल आदि उपस्थित रहे। आभार ज्ञापन निदेशक रामगोपाल मील ने किया। मंच संचालन शक्ति सिंह ने किया।

# राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में प्राप्त किए गोल्ड व सिल्वर मेडल

## खिलाड़ियों का माला व साफा पहनाकर किया स्वागत



लुकमान शाह

**थांवला( नागौर डेली न्यूज ) :** थांवला स्थित एक निजी स्कूल के छात्र सुरेन्द्र ने राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में गोल्ड, सिल्वर मेडल प्राप्त कर राज्य, जिले व गाँव का नाम रोशन किया है। कोच जगदीश कुमावत ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान का नेतृत्व करते हुए खिलाड़ी मावर ने अद्धितीय प्रदर्शन करते हुए अन्य सभी राज्यों को पछाड़ते हुए राजस्थान को प्रथम स्थान दिलाकर स्वर्ण पदक व अन्य पदक दिलवाये। प्रतियोगिता में सुरेन्द्र व इस से पूर्व हुई प्रतियोगिता में राज टैगौर उ.मा. विद्यालय की छात्राएं अंजु मावर, सोनु पालडिया, ममता, पूजा, साक्षी ने भी कई पदक प्राप्त किये। इनके प्रदर्शन की भी सभी ने प्रशंसा की है। विजेता प्रतिभागियों के साथ-साथ अन्य खिलाड़ियों की थांवला के सभी मुख्य मार्गो से विजय यात्रा निकाली गई। राज टैगोर विद्यालय के व्यवस्थापक गुमान सिंह हुड्डा व शाला प्रधान मोटाराम हरडू ने बताया कि हमारा विद्यालय खेल व खिलाड़ियों के लिए सदैव प्रयासरत रहा है।

# संगीतमय योगिक क्रियाओं से निष्क्रिय अंगों को किया जागृत

## पंच तत्व साधना शिविर का दूसरा दिन

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** तीन दिवसीय नि:शुल्क पंच तत्व साधना शिविर के द्वितीय दिवस पर शुक्रवार को श्रीकुचामन गौशाला बीड़ में वेदलक्ष्णा गौ माता की पूजा-अर्चन पूज्य गुरु मां चैतन्य मीरा के सानिध्य हुआ। श्रीमती सरिता काबरा व श्रीमती पूर्वी काबरा ने पुष्प हार पहनाकर गुरु मां का स्वागत-अभिनंदन किया। शिविर में गुरु मां ने बताया कि हमारा शरीर पंचतत्व अग्नि, वायु, आकाश, पृथ्वी व जल से बना हुआ है इसमें अंगूठा अग्नि का प्रतीक, तर्जनी अंगुली वायु का प्रतीक, मध्यमा अंगुली आकाश का प्रतीक, अनामिका अंगुली पृथ्वी का प्रतीक और कनिष्ठा अंगुली जल का प्रतीक हैं। गुरु मां ने विभिन्न मुद्राओं के साथ विभिन्न योगिक क्रियाओं के करने से शरीर में होने वाले प्रभाव की बहुत ही सरलता से जानकारी दी। द्वितीय दिवस के सत्र में संगीतमय योगिक क्रियाओं द्वारा शरीर के विभिन्न अंगों में उत्पन्न तरंगों से निष्क्रिय अंगों को जागृत करना रहा।

# मुस्लिम तेली समाज ने सामाजिक कुरीतियों को रोकने के लिए उठाए कड़े कदम



अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा ( नागौर डेली न्यूज )।** मारवाड़ मूंडवा में मुस्लिम तेली समाज के द्वारा फिजूलखर्ची रोकने के लिए शुक्रवार को नागौर कलेक्टर पियूष सामरिया को ज्ञापन दिया। समाज के खुर्शीद आलम व जमाल दिन पंवार ने बताया कि शादी समारोह में फिजूलखर्ची और आपसी विवाद रोकने के लिए तेली समाज ने अनूठी पहल की है। इसके तहत सालों से चली आ रही कुरीतियों को दूर करते हुए उनमें से एक सबसे बुरी कुरीति विवाह, सगाई त्यौहार, जन्मदिन, मुकलावा सावा, मायरा तथा किसी भी उपलक्ष में डीजे, साउंड (किसी भी वाहन पर साउंड स्पीकर रख कर बजना), डांस फ्लोर लगाना तथा नाचने वाले डांसर को बुलाकर नचाना है। इस पर स्थाई तौर पर पाबंदी लगा दी है।

# शिक्षा से ही खुलते हैं सफलता के द्वार : ठोलिया



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** शिक्षा हब के रूप में अपनी पहचान बना चुके जावला मेहराणा के दयानन्द स्कूल परिसर में शुक्रवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें 12वीं विज्ञान वर्ग के परीक्षा परिणाम में ऐतिहासिक उपलब्धि पर संस्थान के सभी विद्यार्थियों का माला पहना कर स्वागत किया गया व कॅरियर सेमिनार आयोजित किया गया, जिसमें जेईई, नीट, जैट, नेशनल टेस्टिंग एजेन्सी के द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर संस्था निदेशक देवाराम ठोलिया ने कहा कि अब प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुट जाएं विद्यार्थियों की मदद के लिए हमारी टीम हर समय उपलब्ध है सोमवार से कम्पीटीशन बैच की नियमित क्लासेस शुरू हैं प्रति वर्ष हमारे संस्थान के विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में होता है, जिसकी कोई अतिरिक्त चार्ज नहीं किया जाता है। ठोलिया ने कहा कि शिक्षा ही इंसान के लिए सफलता के मार्ग प्रशस्त करती है। समारोह के मुख्य अतिथि सूर्य प्रकाश टेलर ने कॉम्पटीशन क्रेक करने के उपाय सुझाये और कहा कि हमारे क्षेत्र के विद्यार्थी सौभाग्यशाली है कि उन्हें यहाँ अव्वल दर्जे की शिक्षा गाँव ढाणी में रहते हुए मिलती है। विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली पूजा पचार के किसान पिता ने कहा कि दयानन्द स्कूल ने ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा की अलक जगाकर महानगरों के बड़े कोचिंगों को मात दी है प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह मानव शर्मा व्याख्याता डॉ. सुमित श्रीवास्तव, पहल विकास संस्था के सचिव रामकिशोर प्रजापति मानवाधिकार परिषद के ब्लॉक अध्यक्ष नाथूराम ओमप्रकाश हेडा पारसमल तंवर नोरतमल मेघवाल दौलतराम मूवाल चेनाराम टेलर पूसा राम खिलेरी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व अभिभावकों ने कार्यक्रम में शिरकत की।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने कांग्रेस पर साधा निशाना

## मोदी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** भाजपा केंद्र सरकार के 8 साल पूरे होने पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने राज्य की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए नकारा बताया। गजेंद्र सिंह ओड़िन्ट ने जिला स्तरीय बैठक के दौरान भाजपा की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने मोदी की स्वच्छता अभियान में इज्जत घर बनवाने की बात कही, उज्ज्वला योजना से गरीब परिवारों को मुफ्त गैस कनेक्शन देने, ग्रामीण सड़क योजना, किसान क्रेडिट कार्ड की राशि बढाकर किसानो को लाभ पहुंचाने व किसान सम्मान निधि से किसानों को आगे बढाने, टिकाकरण शिविर से कोविड पर अंकुश लगाने व भारतीयों को मुफ्त अन्न वितरण योजना से लाभान्वित करने, आयुष्मान भारत योजना से बीमा व मुफ्त ईलाज आदि केंद्र सरकार की अनेक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

उन्होंने आगामी चुनाव में कांग्रेस की विफलताओं का सबक सिखाते हुए राजस्थान में भाजपा की सरकार बनाने का विश्वास दिलाया । इस मौके पर जिला अध्यक्ष गजेंद्र सिंह ओड़िन्ट, शहर अध्यक्ष मुरलीधर सोनी, नगर निकाय प्रकोष्ठ देहात जिला संयोजक जगदीश कुमार पारीक, मीडिया प्रभारी बनवारी लाल शर्मा, अजा मोर्चा जिला मंत्री एडवोकेट ईश्वर मेघवाल, सुरेश खींची आदि मौजूद रहे।

# खान के जन्मदिन पर आयोजित रक्तदान शिविर में 223 यूनिट रक्त संग्रहित

अबरार अली बेरी

**डीडवाना( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के सी.के.एस. हॉस्पिटल डीडवाना में मोहसिन खान के जन्म दिवस के अवसर पर वेल केयर हेल्थ फाउंडेशन डीडवाना की और से बांगड़ ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें युवाओं ने शिविर में कुल 223 यूनिट रक्त संग्रहण किया। वेल केयर हेल्थ फाउंडेशन डीडवाना व मुस्लिम महासभा डीडवाना के सहयोग से आयोजित इस शिविर में युवाओं में अपार उत्साह नजर आया व शहर की बेटीयों ने भी हिस्सा लिया जिनमें स्विटी बिसवास, अलका खान, साहिस्ता खान ने रक्त दान कर मिशाल पेश की। मोहसीन खान ने कहा कि उन्होंने अब तक 20 बार जरूरतमंदों के लिए रक्तदान किया है और आगे भी करते रहेंगे उन्होंने शिविर में सभी रक्त वीरों का आभार प्रकट किया और कहां की शिविर को लेकर सभी मित्रों ने हौसला बढ़ाया। अयान खां ने कहा कि एक व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान किसी दूसरे पीड़ित व्यक्ति की जान तक बचा



सकता है यही कारण है कि रक्तदान को महादान के नाम से पुकारा जाता है ।

**रक्तदाताओं का बढ़ाया हौंसला**-वेल केयर हेल्थ फाउंडेशन के संयोजक व मुस्लिम महासभा के अध्यक्ष जुनैद कोटवाल ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। ब्लड बैंक टीम के डॉ. सरिता नेत्रा, मो. शफी डायर, अमरीश माथुर, सहीराम बेरा, असगर अली देशवाली, रमेश थोरी, सुमित व्यास, गोविंद लाल, केलाश डोंगीवाल, शितल गुर्जर, गोपाल चोधरी की टीम ने रक्त संग्रहण किया।

# वार्ड पार्षद अपने वार्ड में सभी को पट्टा बनाने के लिए करें जागरूक : अटवाल

**शौकत खान, डेगाना(नागौर डेली न्यूज)।** डेगाना नगर पालिका द्वारा प्रशासन शहरों के तहत लगातार पट्टे जारी कर रही है। नगर पालिका चेयरमैन मदनलाल अटवाल ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं का सभी को लाभ मिल सके, ओर कहा कि सभी वार्ड पार्षद अपने वार्ड में सभी वार्ड वासियों का पट्टा बनाने के लिए सहयोग करें। डेगाना नगरपालिका का लक्ष्य है कि प्रत्येक घर को मिले पट्टा प्रशासन शहरों के संग के तहत शुक्रवार को डेगाना नगरपालिका में किशोर सिंह पुत्र मूल सिंह नगर पालिका वार्ड 4 को पट्टा जारी किया गया।

# पौखंडी तालाब पर लगाए जाएंगे 501 पौधे

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** मूंडवा नगरपालिका द्वारा पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में पौखंडी तालाब पर 501 पौधारोपण किया जायेगा। सुभाष कंदोई ने बताया की शहर को हरा भरा करने की पहल को आगे बढ़ाते हुए पालिकाध्यक्ष कंदोई की अगुवाई में पौधारोपण किया जायेगा। पौखण्डी व खेतंडा तालाब के बीच खाली पड़ी जग पर पौधारोपण होगा।

# रियांबड़ी ग्राम पंचायत में हुई जनसुनवाई

## सरपंच सैनी व विकास अधिकारी गोदारा ने किए निस्तारण



इलियास खान

**रियांबड़ी( नागौर डेली न्यूज )।** मुख्य सचिव द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना में पंचायत समिति रियांबड़ी द्वारा सभी पंचायतों में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन माह के प्रथम गुरुवार को किया गया जिसमें सरपंच गिरधारी लाल सैनी व ग्राम विकास अधिकारी संदीप गोदारा की मॉनिटरिंग में ग्राम पंचायत रियांबड़ी में जन सुनवाई रखी गई। शिविर में ग्राम विकास अधिकारी गोदारा व सरपंच सैनी ने जनसुनवाई कार्यक्रम को गंभीरता से लेते हुए मौके पर संभवतया निस्तारण किए। इसमें विभिन्न विभाग के कर्मचारी एवं सरपंच जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे जन सुनवाई के दौरान जन्म प्रमाण पत्र संबंधी चार आवेदन, नामांतरण के चार आवेदन, विद्युत विभाग से संबंधित दो आवेदन व दो अन्य परिवाद प्राप्त हुए। पंचायत टीम द्वारा मौके पर प्रकरणों का निस्तारण करवाने के प्रयास किए गए। इस अवसर पर पटवारी रजनी मीणा, ए इन एम किरण शर्मा, शिवजी बेरवाल, कनिष्ट सहायक ताराचंद सहित अन्य विभागों के कार्मिक मौजूद रहे।






# 12वीं विज्ञान वर्ग में एलबीएस स्कूल के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण






सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर की एलबीएस साइंस स्कूल में एक जून को जारी 12वीं विज्ञान वर्ग के परिणाम में 12वीं विज्ञान के सभी विद्यार्थियों का परिणाम प्रथम श्रेणी का रहा। संस्था निदेशक रामदेव खीचड़ ने बताया कि पीसीएम/पीसीबी में संस्था के समुद्र गुर्जर पुत्र पोकर राम गुर्जर ने 97.33 प्रतिशत, सचिन बोचालिया पुत्र भंवर लाल ने 97 प्रतिशत के साथ भौतिक व गणित में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए है। इसी तरह राकेश पूरी पुत्र श्याम पूरी 95.33 प्रतिशत के साथ गणित में 100 में से 100 अंक, नरसी राम मुंड पुत्र मांगू राम ने 92.33 प्रतिशत, मोनिका वैष्णव पुत्री विकास चन्द्र वैष्णव 92 प्रतिशत, अजीत कुमावत पुत्र बनवारी लाल 92 प्रतिशत, अनीष पुत्र हीरा राम 91 प्रतिशत, अंकिता पौड़ पुत्री पूसा राम 91 प्रतिशत, देवी लाल पुत्र बाबूलाल 90.67 प्रतिशत व कमलेश पुत्री रामेश्वर लाल 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था का मान बढ़ाया। इस अवसर पर संस्था में उत्कृष्ट परिणाम देने वाले विद्यार्थियों का मुंह मीठा करवाकर खुशी मनाई गई। इस मौके पर गिरधारी खीचड़, सचिव श्रवण खीचड़, प्रधानाचार्य सीएम पंवार, अमाना राम गुर्जर, बनवारी लाल परिहार, करणसिंह, किशन लाल, मनोज कुमार, मामराज यादव, महेंद्र कुमार, दिनेश कुमार, हितेंद्र सिंह, शंकर लाल, भींवाराम, प्रतिभा अग्रवाल, मोनिका प्रधान व संजू सैन उपस्थित रहे।

नावां जयपाल पूनिया हत्याकांड

# आगामी आदेश तक पुलिस को मामले में चालान पेश नहीं करने के आदेश

## मामले की अगली सुनवाई 27 जून को, शुक्रवार को मिली आदेश की कॉपी

नागौर(नागौर डेली न्यूज) :

नावां में हुए नमक कारोबारी जयपाल पूनिया हत्याकांड मामले में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार, डीजीपी, सीबीआई, सांभर साल्ट महाप्रबंधक, सीआईडी के डीआईजी व एएसपी, नागौर एसपी, नावां एसएचओ व एमएलए महेन्द्र चौधरी महेंद्र चौधरी को नोटिस जारी किए है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि आगामी आदेश तक पुलिस को मामले में चालान पेश नहीं करें। मामले की अगली सुनवाई 27 जून को होगी। गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने ये आदेश मृतक नमक कारोबारी जयपाल पूनिया की पत्नी सरिता चौधरी द्वारा मर्डर की सीबीआई जांच के लिए हाईकोर्ट में लगाई गई याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। हांलाकि हाईकोर्ट ने ये आदेश एक जून बुधवार को ही दे दिया था परन्तु आदेश की कॉपी शुक्रवार को मिली है।

# मौलासर में प्रशासन गांवों के संग फॉलोअप शिविर का हुआ आयोजन



कमल सैन

**मौलासर( नागौर डेली न्यूज )।** कस्बे के पंचायत समिति परिसर में शुक्रवार को राज्य सरकार द्वारा ग्रामीणों को राहत प्रदान करने हेतु प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत फॉलोअप शिविर का आयोजन उपतहसीलदार नागरमल शेषमा व विकास अधिकारी किशोर कुमार की अध्यक्षता में किया गया। शिविर में समस्त ग्राम पंचायतों के ग्राम विकास अधिकारी, राजस्व विभाग, सैनिक कल्याण अधिकारी सहित अनेक विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

शिविर में राजस्व विभाग द्वारा शिविर में 147 म्युटेशन, 3 बंटवारे, 8 रास्तों के प्रकरण, 87 राजस्व रिकॉर्ड में शुद्धि, 3 सीमाज्ञान व 270 काश्तकारों को प्रतिलिपि जारी की गई।

जाति प्रमाण पत्र व मूल निवास 370 किये गये। इस मौके पर सरपंच जोगेंद्र बलारा, आर आआई देवाराम व भवानी सिंह, पटवारी मनीष मंडीवाल, सांवरमल घिंटाला, चाँद खान, भगवान सेवदा आदि मौजूद रहे।

# प्रशासन गांवों के संग अभियान फॉलोअप शिविर में लोगों ने दिखाई रूचि

## चार ग्राम पंचायतों का शिविर सम्पन्न

पुखराज तानाण



**बड़ी खाटू( नागौर डेली न्यूज ) :** बड़ी खाटू कस्बे के राजीव सेवा केन्द्र में शुक्रवार को प्रशासन गाँवो के संग अभियान फॉलो अप शिविर सम्पन्न हुआ। शिविर में बड़ी खाटू, पिण्डिया, बरनेल, छाजोली ग्राम पंचायत का शिविर आयोजित किया गया। इस मौके पर तहसीलदार अमीलाल मीणा ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को अपने अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं की जानकारी दिलायी। शिविर में सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर में 250 जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, 4 बटवाड़े, 4 रास्ते के प्रकरणों का निवारण किया गया 110 म्यूटेंशन का कार्य किया गया।

**विभिन्न समस्याओं का हुआ समाधान :** अभियान में सीमाज्ञान, विद्युत सप्लाई, खराब मीटर, जीएलआर मरम्मत एवं पाइप लाईन लीकेज ठीक करना, जन आधार में नाम जुड़वाने और हटाना, शौचालय निर्माण हेतु, टूटी हुई सड़कों का समाधान सहित आवेदन प्राप्त करने सहित आमजन से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण कार्य संपादित किए गये। साथ ही शिविर स्थल पर रोगियों की स्वास्थ्य जांच एवं उपचार हेतु चिकित्सक भी उपस्थित रहे। अभियान के दौरान आने वाली बिजली, पानी, सड़क, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से सम्बन्धित शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया जाए शिविरों में आमजन को राज्य एवं केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई गयी।

### इन विभागों के अधिकारी रहे उपस्थित

शिविर में तहसीलदार अमीलाल मीणा, विकास अधिकारी ललित कुमार यादव, सरपंच सुमित्रा रिणवां, ओफिफस कानूनगो सीताराम, भू निरीक्षक अधिकारी लिखमाराम, पटवारी ओमप्रकाश मेघवाल, ग्राम विकास अधिकारी सुखाराम मेघवाल, पटवारी कुलदीप, शोभाराम लोमरोड़, राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, समाज कल्याण, विद्युत विभाग, जल विभाग, कृषि विभाग, चिकित्सा विभाग सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# इग्नू प्रवेश व परीक्षा के फार्म भरना प्रारम्भ

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** कुचामन महाविद्यालय कुचामनसिटी इग्नू अध्ययन केन्द्र 2311 के समन्वयक महेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि सत्र जून 2022 में होने वाली परीक्षाओं के लिए परीक्षा फार्म 1 जून से भरना प्रारम्भ हो गये है, जिसकी अन्तिम दिनांक 25 जून है। सत्र जून 2022 में होने वाली परीक्षाएं 22 जुलाई 2022 से 05 सितम्बर 2022 तक चलेगी। परीक्षा का आयोजन दो पारियों में किया जायेगा। प्रथम पारी का समय प्रात: 10 से 1 और द्वितीय पारी 2 से 5 बजे तक चलेगी। परीक्षाओं में शामिल होने के लिए विद्यार्थी अपने सत्रीय कार्य दिनांक 15 जून 2022 तक आर्नलाइन एवं ऑफ लाइन दोनो तरीकों से जमा कर सकते है, साथ ही जुलाई 2022 सत्र में विभिन्न कोर्स हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हो गयी है, जिसकी अन्तिम 31 जुलाई 2022 है जिसके अन्तर्गत समस्त पी.जी. डिप्लोमा बी.ए.,बी.कॉम, बी.एस.सी, सी.एल.आई एस., बी.एल.आई. एस सहित विभिन्न कोर्स में प्रवेश लेकर विद्यार्थी अपना केरियर संवार सकते है। इस हेतु प्रवेश आवेदन के साथ 10वीं, 12वीं की स्वयं के हस्ताक्षर वाली अंकतालिका, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड अनिवार्य रूप से संलग्न करना है। विद्यार्थियों को प्रवेश हेतु ऑनलाइन फार्म भरना है इस हेतु विद्यार्थियों को विभिन्न कोर्स एवं फार्म भरने हेतु जानकारी के लिए अध्ययन केन्द्र पर अलग से हेल्प डेस्क बनाई गई है जहाँ विभिन्न जानकारी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बताया की विभिन्न परीक्षाओं जैसे एयरफोर्स, नेवी में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थी उच्च शिक्षा हेतु 31 जुलाई 2022 तक इग्नू में प्रवेश लेकर भारत में कहीं पर रहकर अपना अध्ययन जारी रख सकते है।

# भीम आर्मी भारत एकता मिशन की समीक्षा बैठक 13 को

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** भीम आर्मी भारत एकता मिशन के संस्थापक चन्द्रशेखर आजाद के आदेशानुसार भीम आर्मी की समीक्षा बैठक सोमवार 13 जून को होगी। भीम आर्मी जिलाध्यक्ष विक्रम जोया ने बताया कि 2023 विधानसभा चुनावों को देखते हुए भीम आर्मी प्रमुख चन्द्रशेखर आजाद और भीम आर्मी राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह के निर्देशानुसार जिले के 10 विधानसभा के विधानसभा अध्यक्ष, तहसील अध्यक्ष, पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता की समीक्षा बैठक कुचामन में मुख्य प्रभारी, प्रवक्ता सतपाल चौधरी और भीम आर्मी प्रदेश संयोजक सुमित अम्बेश एक दिवसीय कुचामन समीक्षा कार्यक्रम में भाग लेंगे।

# खारिया-हिराणी क्षेत्र में 650 बरगद पौधारोपण व सेन्ट्रल जीएसटी गार्डन में रक्तदान शिविर का होगा आयोजन

## सेंट्रल जीएसटी विभाग व निर्मल वैकुंठा फाउंडेशन नई दिल्ली के तत्वावधान में पर्यावरण संवर्धन के लिए विश्व पर्यावरण दिवस पर 5 जून को होगा आयोजन

### कार्यक्रम की पूर्व तैयारी के लिए कुचामनसिटी की स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ हुआ मंथन

सद्दाम रंगरेज




**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** सेंट्रल जीएसटी विभाग एवं निर्मल वैकुंठा फाउंडेशन, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आगामी विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को पर्यावरण संवर्धन के लिए खारिया-हिराणी क्षेत्र में 650 बरगद पौधारोपण और सेन्ट्रल जीएसटी गार्डन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम की पूर्व तैयारी के क्रम में कुचामनसिटी की स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा सहयोग को लेकर विकास भवन, कुचामन विकास समिति सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक जीएसटी इंस्पेक्टर राजेश कुमावत ने कार्यक्रम का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए बताया कि पर्यावरण संवर्धन एवं संरक्षण हेतु पौधारोपण तथा मानव जीवन को बचाने के लिए रक्तदान अत्यंत आवश्यक कार्य है।

**इन सामाजिक संस्थाओं के ये प्रबुद्धजन रहे उपस्थित :** स्वयंसेवी संस्थाएं सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर सक्रिय सहयोग करती रहती हैं। सेवा समिति के अध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल, लायंस क्लब कुचामन फोर्ट के अध्यक्ष राम काबरा, डॉ. प्रदीप चौधरी एवं द्वारका प्रसाद कुमावत, संस्कृति जागरण समिति के मोहनलाल सोनी, श्रीगोपाल गौशाला हिराणी के व्यवस्थापक श्रवणराम पीपलोदा, संपर्क संस्थान की सचिव सुशीला चौहान, खांडल विप्र समाज के अध्यक्ष छगनलाल शर्मा, सर्व ब्राह्मण युवा संगठन के अध्यक्ष विमल पारीक, राजस्थान शिक्षक संघ के जिला मंत्री प्रेमसिंह चौधरी, महावीर इंटरनेशनल के सुभाष पहाड़िया, मानवाधिकार सुरक्षा परिषद व न्यायिक मंच के जिलाध्यक्ष मुन्नालाल काछवाल, समाजसेवी दामोदर प्रसाद झंवर, जिला साक्षरता प्रभारी चंपालाल कुमावत, ब्लॉक संदर्भ व्यक्ति लक्ष्मण शर्मा आदि ने पौधारोपण एवं रक्तदान कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु स्वैच्छिक सहयोग देने का संकल्प लिया।

स्वयंसेवी संस्थाओं ने पौधारोपण एवं रक्तदान करने हेतु अपने कार्यकर्ताओं के साथ उपस्थित रहकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आश्वासित किया। कार्यक्रम का संचालन राजस्थान शिक्षक संघ के मोहम्मद शकील ने किया।

# गंगवाल ने गौमाताओं को 25 क्विंटल तरबूज खिलाकर मनाई 28वीं वैवाहिक वर्षगांठ



श्यामसुन्दर प्रजापत

**मीठड़ी( नागौर डेली न्यूज ) :** मीठड़ी कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के पास स्थित सत् गोपाल गौशाला परिसर एक पावन स्थल बन गया है। यहां पर कई परिवार तो हर उत्सव गौशाला में मनाते है। गंगवाल परिवार भी उनमें एक है। समाज में अच्छे संस्कार व कार्यो को देखकर ही ग्रामीण प्रेरित होते है, जिसके फलस्वरूप आज ग्रामीणों में गौसेवा का क्रेज बन गया है। साथ ही ग्रामीण प्रतिदिन सुबह शाम निस्वार्थ भाव से गौसेवा करने भी आते है। आज गौशाला अध्यक्ष प्रकाशचंद गंगवाल ने भी अपनी 28 वीं वैवाहिक वर्षगांठ पर ग्रामीणों को प्रेरणादायक संदेश देते हुए अपने परिजनों के साथ गौशाला आकर गायों को 25 क्विंटल तरबूज अपने हाथों खिलाकर पुण्य अर्जित किया। साथ ही नमोकार मंत्र का जाप कर गौशाला परिसर को धर्ममय कर किया। गौशाला परिवार ने गंगवाल परिजनों का दुपट्टा ओढाकर सम्मान किया। इस दौरान गौशाला अध्यक्ष प्रकाशचंद गंगवाल, विकास समिति अध्यक्ष ठाकुर वीरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष बनवारी लाल उर्फ मामा, कोषाध्यक्ष हरीश पारीक, हीरालाल ठठेरा, पारसमल गंगवाल, देवीसिह राठौड़, शुभम गंगवाल व गंगवाल परिवार की महिलाए भी मौजूद थी।

# आरएनटी स्कूल में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं का किया सम्मान

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शिक्षा नगरी की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान रवीन्द्रनाथ टैगोर उच्च माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान एवं कृषि विज्ञान संकाय उच्च माध्यमिक परीक्षा 2022 में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली विद्यालय की प्रतिभाओं का शुक्रवार को विद्यालय प्रांगण में भव्य स्वागत किया गया। शाला निदेशक जगदीश कड़वा ने माला, साफा तथा मेडल पहनाकर प्रतिभाओं का सम्मान किया तथा इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शाला प्रधान मनोज कुमार पारीक ने बताया कि विज्ञान तथा कृषि विज्ञान संकाय का परिणाम शत प्रतिशत रहा है। 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में यशवन्त शर्मा पुत्र पवन कुमार 93.20, लोकेन्द्र सिंह बाजिया पुत्र भँवर लाल 92.20, सानिया भाटी पुत्री युनुस भाटी 92.20, अनुष्का सिंह पुत्री सी.पी. सिंह 92.00, रेखा पुत्री राजू लाल 91.60, नागवेन्द्र सिंह राठौड़ पुत्र नरेन्द्र सिंह राठौड़ 91.40, हितेन्द्र सिंह चौहान पुत्र किशोर सिंह 91.00, सुरेश कुमावत पुत्र भैरूलाल 90.80, निकिता पुत्री नोलाराम 90.40, दिलावर खान पुत्र लादुखान 90.20, शीतल पुत्री बलदेवराम 90.20, पायल पुत्री हरजीराम 90.20 है।

# पति की पुण्यतिथि पर गायों को खिलाई लापसी

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** नगर पालिका के वार्ड नंबर 7 के गोरेड़ी करणा में गलकु देवी मुवाल ने अपने पति की 6वीं पुण्यतिथि पर गायों को लापसी खिलाई तथा गोशाला कर्मचारियों का मान सम्मान किया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीण हीराराम भांबू, धन्नाराम जूणावा, बाबूलाल, गेना राम, नेमाराम जांगिड़, हुकमाराम, जीवन राम बिंदा, हनुमान राम, शंकर लाल, बजरंग लाल, भंवर लाल, मुंशी राम, शिव कुमार, देवेंद्र, राजकुमार व सुरेंद्र मुवाल सहित उपस्थित रहे। इस अवसर पर ही हीरा लाल भांबू ने बताया कि गोसेवा व माता-पिता की सेवा ही मानव का सच्चा धर्म है।







स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com